भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 74 | बिजौलिया - गुरुवार,29 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

टोंक में ऊर्जा मंत्री का विरोध, बोले, सड़क नहीं तो वोट नहीं

भीलवाड़ा फोकस @ टोंक।

राजस्थान के टोंक जिले में पंचायती राज चुनाव के प्रचार के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। मंगलवार रात नासिरदा में आयोजित भाजपा की सभा में सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों और युवाओं ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि सड़क नहीं बनी तो भाजपा को वोट नहीं देंगे।

दरअसल, पंचायती राज चुनाव के तीसरे चरण के प्रचार के तहत जिला परिषद सदस्य वार्ड संख्या 9 के भाजपा प्रत्याशी हंसराज धाकड़ के समर्थन में नासिरदा के मानक चौक पर जनसभा आयोजित की गई थी। इसमें ऊर्जा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर, विधायक राजेंद्र गुर्जर सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

सभा के दौरान ग्रामीणों और युवाओं ने बघेरा से हिसामपुर सड़क, श्मशान घाट जाने वाले मार्ग और निर्माणाधीन अटल सेवा पथ के चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया।

अलका लांबा के दावे पर राखी राठौड़ का पलटवार, बोलीं, 13 करोड़ में से एक पीड़ित तो सामने लाएं

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाने के दावे पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कांग्रेस से अपने आरोपों के समर्थन में तथ्य प्रस्तुत करने की मांग करते हुए कहा कि यदि इतने बड़े स्तर पर मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, तो पार्टी को कम से कम एक प्रभावित मतदाता को सामने लाना चाहिए।

राखी राठौड़ ने बुधवार को जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण है। यदि किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से हटाया गया है, तो उसकी शिकायत सामने आनी चाहिए और संबंधित मामले की जांच होनी चाहिए। लेकिन केवल बड़े-बड़े आंकड़े प्रस्तुत करने से किसी आरोप की पुष्टि नहीं होती। कांग्रेस को अपने दावों के समर्थन में प्रमाण देने चाहिए, ताकि जनता के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि जनता को गुमराह करके राजनीतिक समर्थन हासिल नहीं किया जा सकता। राखी राठौड़ के अनुसार, कांग्रेस लगातार एसआईआर के मुद्दे को उठा रही है, लेकिन पार्टी को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि उसके दावों के आधार क्या हैं और कितने मतदाता वास्तव में प्रभावित हुए हैं।

लोकतंत्र की रक्षा सभी की जिम्मेदारी

राखी राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा करना किसी एक



राजनीतिक दल की जिम्मेदारी नहीं है। भाजपा हो या कांग्रेस, सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों का दायित्व है कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से जुड़े किसी भी मुद्दे पर चर्चा तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर होनी चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस के अभियान पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र बचाने के नाम पर जिन मुद्दों को उठाया जा रहा है, उनका आम जनता से जुड़ाव स्पष्ट होना चाहिए। यदि किसी मतदाता को सूची में नाम नहीं होने के कारण परेशानी हुई है, तो उसका मामला सामने लाकर उचित प्रक्रिया के तहत समाधान की मांग की जानी चाहिए। राखी राठौड़ ने कहा कि मतदाता सूची में नाम हटने से संबंधित आरोपों को पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत करना जरूरी है। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि समस्या कहां है और उसके समाधान के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कांग्रेस से अपने दावों को प्रमाणों के साथ जनता के सामने रखने का आग्रह किया।

एक नवंबर की रैली पर भी साधा निशाना

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को प्रस्तावित कांग्रेस की रैली को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को रैली में अपेक्षित जनसमर्थन नहीं मिलने की आशंका है और इसी कारण पार्टी के नेता लगातार सक्रिय होकर लोगों को जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।

ऐरु नदी में डूबने से दिव्यांग की मौत, तिलस्वां में शोक

भीलवाड़ा फोकस @ तिलस्वां

कस्बा स्थित तिलस्वां महादेव मंदिर के समीप बुधवार सुबह ऐरु नदी में डूबने से चिताबड़ा निवासी सीताराम कंजर की मौत हो गई। हादसे की सूचना से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया।

जानकारी के अनुसार, सीताराम बुधवार सुबह करीब छह बजे हाथ धोने के लिए नदी किनारे गए थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से उनके गहरे पानी में चले जाने की आशंका जताई जा रही है। पानी में डूबने से उनकी जान चली गई।

बताया गया कि सीताराम दिव्यांग थे और व्हीलचेयर के सहारे आवागमन करते थे। वह तिलस्वां महादेव मंदिर परिसर में रहकर भिक्षावृत्ति के जरिए अपना गुजारा कर रहे थे। सुबह हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में दुख का माहौल रहा। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की परिस्थितियों और घटनाक्रम के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

फर्जी प्रमाणपत्र से चिकित्सा प्रशिक्षण लेने वाला चिकित्सक गिरफ्तार, 22 लाख रुपये में खरीदा था प्रमाणपत्र

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में फर्जी विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा प्रमाणपत्र के आधार पर चिकित्सा प्रशिक्षण और पंजीकरण कराने के मामले में विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राकेश कुमार यादव ने विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई की थी, लेकिन भारत में चिकित्सा कार्य करने के लिए आवश्यक परीक्षा तीन बार उत्तीर्ण नहीं कर पाया। आरोप है कि इसके बाद उसने 22 लाख रुपये देकर दिसंबर 2023 की परीक्षा का फर्जी प्रमाणपत्र बनवाया और उसके आधार पर चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया। इस मामले में अब तक 37 आरोपियों की गिरफ्तारी की बात सामने आई है।

एसओजी के महानिरीक्षक अजपाल लांबा के अनुसार, आरोपी राकेश कुमार यादव (32) पुत्र दलीप सिंह, कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर क्षेत्र स्थित उधों का बास का निवासी है। उसने वर्ष 2011 में बारहवीं उत्तीर्ण करने के बाद जयपुर के एक महाविद्यालय से चार वर्षीय सामान्य परिचर्या एवं प्रसूति विज्ञान (जीएनएम) का पाठ्यक्रम किया।

इसके बाद वर्ष 2017 में उसने ताजिकिस्तान के अविसेना मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए प्रवेश लिया। वर्ष 2017 से 2022 तक पढ़ाई करने के बाद वह भारत लौट आया।

भारत में चिकित्सा कार्य करने के लिए उसने दिसंबर 2022, जून 2023 और दिसंबर 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली की ओर से आयोजित विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा दी। वह तीनों बार असफल रहा।

22 लाख रुपये देकर बनवाने का आरोप

जांच के अनुसार, लगातार असफल होने के बाद राकेश ने अलवर निवासी नफीस खान और दौसा निवासी शुभम गुर्जर से संपर्क किया। आरोप है कि उसने दिसंबर 2023 की परीक्षा का फर्जी प्रमाणपत्र बनवाने के लिए 22 लाख रुपये दिए।

इस प्रमाणपत्र के आधार पर उसने राजस्थान चिकित्सा परिषद में प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया। उसे राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दौसा आवंटित हुआ, जहां उसने प्रशिक्षण शुरू कर दिया। इसके बाद उसने अस्थायी पंजीकरण के लिए जयपुर स्थित राजस्थान चिकित्सा परिषद में आवेदन किया।

फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर प्रशिक्षण लेने की खबरें सामने आने के बाद आरोपी ने प्रशिक्षण छोड़ दिया।

प्रति व्यक्ति 20 से 30 लाख रुपये लेने का आरोप

जांच में आरोप लगाया गया है कि भानाराम माली और उसके साथ काम करने वाले शुभम गुर्जर, इंद्रराज गुर्जर सहित अन्य लोगों ने फर्जी परीक्षा प्रमाणपत्र बनवाने और राजस्थान चिकित्सा परिषद में पंजीकरण कराने के बदले प्रत्येक व्यक्ति से 20 से 30 लाख रुपये लिए।

ट्रेनों में रात 11 से सुबह 5 बजे तक बंद रहेंगे मोबाइल चार्जिंग


भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।

ट्रेनों में आग लगने और अन्य दुर्घटनाओं की आशंका कम करने के लिए रेलवे ने मोबाइल और पावर बैंक चार्ज करने की व्यवस्था को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। निर्देशों के अनुसार, रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक सभी रेल डिब्बों में मोबाइल चार्ज करने के बिंदु बंद रखने होंगे। नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए औचक निरीक्षण भी किए जाएंगे।

रेलवे बोर्ड के विशेष कार्य अधिकारी, विद्युत अभियंत्रण (सामान्य) शोभित गुप्ता ने 26 अक्टूबर को सभी क्षेत्रीय रेलों के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियरों को पत्र जारी किया। इसमें निर्धारित समय के दौरान चार्जिंग बिंदु बंद रखने के पहले से जारी निर्देशों का सख्ती से पालन कराने को कहा गया है।

पावर बैंक फटने के बाद रेलवे ने बढ़ाई सख्ती

रेलवे बोर्ड के अनुसार, दक्षिण पूर्व



रेलवे में हाल ही में एक घटना हुई, जिसमें निर्धारित समय के दौरान चार्जिंग बिंदु बंद नहीं किए गए थे। इसी दौरान चार्जिंग पर लगा एक यात्री का पावर बैंक फट गया। घटना के बाद रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता दिखाई और संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने पर जोर दिया।

रेलवे बोर्ड ने कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देने के साथ परामर्श और प्रशिक्षण की व्यवस्था करने को भी कहा है। अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को औचक निरीक्षण कर यह जांचने के निर्देश दिए गए हैं कि रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक चार्जिंग बिंदु बंद रखे जा रहे हैं या नहीं।

जमीन-गहनों के लालच में 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला; तीसरा साथी आर्यन भी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी रवि तापड़िया और हीरा सिंधी पहले से पुलिस रिमांड पर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

शहर के बहुचर्चित 72 वर्षीय कमला देवी हत्याकांड में भीमगंज थाना पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी आर्यन दाधीच उर्फ चूंचा को गिरफ्तार किया है। उसे बुधवार को न्यायालय में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसी रिमांड) पर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर हत्याकांड से जुड़ी कड़ियां जोड़ने और वारदात में उसकी भूमिका स्पष्ट करने में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, 72 वर्षीय कमला देवी की हत्या जमीन और गहनों के लालच में करने का आरोप है। मामले में मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर रवि तापड़िया ने कथित तौर पर अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद शव को किराए के मकान की छत पर जलाया गया और राख व शेष अवशेष पालड़ी नदी की पुलिया से पानी में बहा दिए गए। घटना के खुलासे के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी रवि तापड़िया और हीरा सिंधी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। दोनों फिलहाल पुलिस रिमांड पर हैं।

पूछताछ में खुल सकती हैं अहम कड़ियां

आर्यन उर्फ चूंचा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब उससे वारदात से पहले और बाद के घटनाक्रम, आरोपियों के बीच संपर्क और हत्याकांड में उसकी कथित भूमिका को लेकर पूछताछ कर



रही है। पुलिस रिमांड के दौरान मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित साक्ष्यों की पड़ताल की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में, सीओ सिटी सज्जन सिंह के नेतृत्व तथा भीमगंज थानाधिकारी सुनील चौधरी की अगुवाई में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस का प्रयास है कि हत्याकांड से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी स्पष्ट की जा सके। फिलहाल आर्यन से पूछताछ जारी है।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30,माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग, दमकल ने पाया काबू



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- सवाईपुर कस्बे में बुधवार दोपहर को अज्ञात कारणों के चलते एक खेत में आग लग गई, आग की चपेट में आने से मेड़ व चारा जल आया, सुचना पर पहुंची दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया । सवाईपुर कस्बे में गेगा का खेड़ा निवासी पवन शर्मा का खेड़ा है, जिसको सवाईपुर निवासी दिनेश जोशी ने ठेका पर ले रखा, उसमें बुधवार दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गई, आग खेत की चारों तरफ की मेड़ पर फैल गई, सुचना पर भीलवाड़ा से पहुंची दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया, आग की चपेट में आने से मेड़ पर उगी घास, लकड़ियां, पेड़-पौधे व जनमनी जल गई ।।

करवा चौथ को लेकर सवाईपुर के बाजारों में बढ़ी रौनक, सुहागिनों ने की खरीदारी



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन की कामना का प्रतीक करवा चौथ का त्योहार कल गुरुवार को मनाया जाएगा । इसे लेकर सवाईपुर कस्बे सहित सोपुरा जाटों का, बड़ला, बनकाखेड़ा, चार्वाडिया, कुड़ी आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उत्साह देखा जा रहा है । त्योहार की पूर्व सवाईपुर कस्बे के मुख्य बाजारों में सुहाग की थाली सज चुकी है और दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है । बाजार में सुबह से ही खरीददारी का सिलसिला जारी रहा, जिससे स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी की लहर है । बाजारों में विशेष रूप से रंग-बिरंगी चूड़ियों, कंगन और आकर्षक डिजाइनों से सजी दुकानों पर महिलाओं की भारी रेलमपेल दिखाई दे रही है । महिलाएं अपनी पारंपरिक पोशाक और साड़ियों के मैचिंग के हिसाब से चूड़ियों की खरीदारी कर रही हैं । इसके साथ ही सोलह श्रृंगार की सामग्री जैसे- बिंदी, सिंदूर, काजल, पायल और बिछिया की दुकानों पर भी पैर रखने की जगह नहीं है । करवा चौथ की विशेष पूजा के लिए जरूरी सामग्री की दुकानों को भी दुकानदारों ने बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया है । बाजार में पारंपरिक मिट्टी के करवे, सींक, छलनी, करवा माता की तस्वीरें, पूजन थाली और दीयों की जमकर बिक्री हो रही है । त्योहार को लेकर महिलाओं में सजने-संवरने का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है । स्थानीय ब्यूटी पार्लरों में भी त्योहार के मद्देनजर एडवांस बुकिंग चल रही है और महिलाएं सजने-संवरने के लिए पार्लरों का रुख कर रही हैं ।।

भीलवाड़ा में आज चार घंटे बिजली बंद रहेगी

सेशन कोर्ट फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विद्युत लाइनों के रखरखाव कार्य के चलते गुरुवार को शहर के कई क्षेत्रों में चार घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता हरीश कुमार टेलर ने बताया कि 11 केवी सेशन कोर्ट फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सेशन कोर्ट, शाम की सब्जी मंडी, भीलवाड़ा क्लब, कांग्रेस कार्यालय, तोतला भवन, नाथद्वारा सराय, सीरत सराय, रेलवे स्टेशन, इंद्रा मार्केट, बंजारा होटल, गोकुल प्लाजा, ब्यावर वाला हलवाई, मशीनरी मार्केट, बाजार नंबर दो, अप्सरा कॉम्प्लेक्स, कमाल का कुआं और पुलिस कंट्रोल रूम के आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

गुरलां सरपंच हिंगलाज कंवर राजावत ने संभाला पदभार, गांव के विकास का लिया संकल्प

पेयजल, स्वच्छता, रोड लाइट, सड़क और नाली निर्माण को देंगी प्राथमिकता

भीलवाड़ा फोकस @ गुरलां।

ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच हिंगलाज कंवर राजावत ने बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सरपंच का माला पहनाकर स्वागत किया, वहीं नवनिर्वाचित वार्ड पंचों को साफा बांधकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने नई सरपंच को कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में चन्द्रवीर सिंह पुरावत, महेन्द्र सिंह,



नवनिर्वाचित उप सरपंच, पूर्व सरपंच, सरपंच प्रत्याशी सत्यनारायण शर्मा, अभिमन्यु सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) मोनू सोनी, पूर्व सचिव विनोद सोनी तथा शेर सिंह, सत्यनारायण सेन सहित अन्य ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

पदभार ग्रहण करने के बाद सरपंच हिंगलाज कंवर राजावत ने गांव के चहुंमुखी विकास का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को मजबूत करने तथा ग्रामीण सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर रोड लाइट लगवाने को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही नालियों और सड़कों के निर्माण सहित ग्रामीणों की जरूरतों के अनुरूप अन्य विकास कार्य भी करवाए जाएंगे।

भीलवाड़ा में 1 से 7 नवंबर तक मनेगा 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक'

मिशन लाइफ के तहत सात दिन होंगे पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम, जिला कलक्टर ने जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा और जल बचत तथा टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जिले में 1 से 7 नवंबर तक 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक' आयोजित किया जाएगा। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और मुख्य सचिव के निर्देशों के तहत मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) के अंतर्गत होने वाले इस साप्ताहिक अभियान में सात प्रमुख थीम पर जागरूकता एवं जनभागीदारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने अभियान के सफल संचालन, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और रिपोर्टिंग के लिए उप वन संरक्षक एवं जिला पर्यावरण समिति के सदस्य सचिव को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अभियान के तहत प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सात दिन, सात थीम पर होंगे कार्यक्रम

अभियान के पहले दिन 1 नवंबर को 'स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं' थीम पर उप वन संरक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला आयुर्वेद अधिकारी के समन्वय से गतिविधियां होंगी। 2 नवंबर को 'ऊर्जा बचाएं' थीम के तहत अजमेर विद्युत वितरण निगम और शिक्षा विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी क्रम में 3 नवंबर को 'जल बचाएं' थीम पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग और वाटरशेड सेल की ओर से गतिविधियां होंगी। 4 नवंबर को 'सतत खाद्य प्रणाली अपनाएं' विषय पर कृषि एवं उद्यानिकी विभाग कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

5 नवंबर को 'सिंगल यूज प्लास्टिक को ना कहें' थीम के तहत नगर निगम और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से जागरूकता गतिविधियां होंगी। 6 नवंबर को 'ई-कचरा कम करें' विषय पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग तथा प्रदूषण नियंत्रण मंडल की जिम्मेदारी रहेगी। अभियान के अंतिम दिन 7 नवंबर को 'कचरा कम करें' थीम पर जिला परिषद, नगर निगम और नगर विकास न्यास की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जनभागीदारी पर रहेगा जोर

जिला कलक्टर ने सभी कार्यक्रम आदर्श आचार संहिता की पालना करते हुए आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक स्तर पर संबंधित उपखंड अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे।

अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं, कैडेट्स और आमजन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ दैनिक जीवन में टिकाऊ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

भीलवाड़ा में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, 62.46 प्रतिशत वोटिंग

जिला परिषद के 17 वार्डों और सात पंचायत समितियों में 3,43,303 मतदाताओं ने डाले वोट





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पंचायत राज चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को जिले की सात पंचायत समितियों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। अंतिम आंकड़ों के अनुसार कुल 3,43,303 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया और मतदान प्रतिशत 62.46 रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि आसींद, हुरड़ा, फूलियाकलां, रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा और शंभूगढ़ पंचायत समितियों में जिला परिषद सदस्य के 17 निर्वाचन क्षेत्रों (11 पूर्ण और 6 आंशिक) तथा पंचायत समिति सदस्य के 111 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान कराया गया। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चला। जिला प्रशासन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कीं। मतदान संपन्न होने के साथ ही जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों के प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य मतपेटियों में बंद हो गया।




QUICK BITES

दीपावली मेले में व्यापारियों को मिलेंगी निशुल्क सुविधाएं

झूला-चकरी, सर्कस और दुकानदारों से नहीं लिया जाएगा शुल्क; सफाई व रोशनी पर भी जोर

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



दीपावली मेले की तैयारियों के तहत ग्राम पंचायत ने बाहर से आने वाले व्यापारियों को जगह, ठहरने, बिजली और पानी की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। सरपंच गीता देवी माली ने बताया कि झूला-चकरी, सर्कस संचालकों और दुकानदारों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

ग्रामवासियों की मांग पर लिए गए इस निर्णय के साथ मेले के दौरान नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा काछोला बाजार में रोशनी की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया जाएगा।

कलक्टर ने शिशु एवं किशोर गृह का निरीक्षण कर दिए निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।



जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने मंगलवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, किशोर गृह एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिशु गृह में आवासित एक शिशु बालिका को भावी दत्तक माता-पिता को सुपुर्द किया। शिशु को पाकर दत्तक माता-पिता भावुक हो गए और उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। जिला कलक्टर ने दत्तक माता-पिता को शिशु की उचित देखभाल करने तथा उसे स्नेहपूर्ण और सुरक्षित पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने शिशु गृह में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए शिशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच और समय-समय पर आवश्यक टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिशुओं की देखभाल, आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता तथा केयरटेकर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

बच्चों की शिक्षा एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान

डॉ. मंजू ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में आवासित प्रत्येक बालक से संवाद कर उन्हें शिक्षा से जुड़ने तथा अपने और अपने परिवार के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बाल अधिकारिता विभाग एवं शिक्षा विभाग के माध्यम से संचालित शिक्षण गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही, बच्चों के लिए संचालित पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए उनकी नियमित काउंसलिंग कराने तथा उनकी रुचि के अनुरूप अन्य कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए।



गणपति पूजन कर 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महोत्सव के लिए निमंत्रण लेखन का शुभारंभ

महोत्सव के लिए भगवान गणपति के साथ भीलवाड़ा की चारों दिशाओं में विराजमान चारभुजानाथ प्रभु को आमंत्रण





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

धर्मनगरी भीलवाड़ा 20 नवम्बर को आजादनगर मेडिसिटी ग्राउण्ड पर आयोजित होने वाले 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महामहोत्सव के भव्य आयोजन के लिए तैयारियां तेज हो गई है। श्री तुलसीजी से विवाह करने के लिए राजाधिराज मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ की प्रथम भव्य एतिहासिक बारात का आगमन भीलवाड़ा में होगा। इस महामहोत्सव के आयोजन 17 नवम्बर से प्रारंभ हो जाएंगे। महोत्सव के आयोजक श्री तुलसी शालिग्राम विवाह समिति के तत्वावधान में बुधवार को महर्षि दधिची आश्रम में विधि विधान के साथ विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेशजी महाराज का स्मरण एवं पूजन कर निमंत्रण पत्र लेखन का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात भीलवाड़ा की चारों दिशाओं में विराजमान चारभुजा नाथ प्रभु को श्रद्धापूर्वक निमंत्रण पत्र लिखकर महोत्सव में पधारने का आमंत्रण दिया गया। महोत्सव की सफलता, निर्विघ्न आयोजन एवं समस्त श्रद्धालुओं के कल्याण की मंगलकामना की गई। इस अवसर पर आयोजन सूत्रधार पंडित विष्णु कृष्ण तनय महाराज, मुख्य आचार्य पंडित योगेंद्र शर्मा सहित धार्मिक विद्वान उपस्थित रहे एवं सभी ने धार्मिक परंपराओं के अनुरूप निमंत्रण लेखन की प्रक्रिया में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के बाद भगवान गणेश को आमंत्रण पत्र आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा रोडवेज बस स्टेण्ड के पास स्थित गणेश मंदिर में श्रीफल के साथ समर्पित किया गया एवं महोत्सव को निर्विघ्न एतिहासिक सफल बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा।

कार्यक्रम में महोत्सव समिति के संयोजक समिति के संयोजक डॉ. एसएन गग्गड़, अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, वरिष्ट उपाध्यक्ष छगन जैन, हेमेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र कचोलिया, उपाध्यक्ष हनुमान अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा, सीए बीबी गुप्ता, श्रीचारभुजा पदयात्री संघ के अध्यक्ष ब्रजमोहन सोमानी, मनोज शर्मा गोटेवाला, महिला सरंक्षक मंजू पोखरना, महिला अध्यक्ष अलका जोशी, वल्लभ संकीर्तन के अध्यक्ष रमेश त्रिपाठी, राकेश शर्मा, रजनीकांत आचार्य, संजय प्रताप सिंह पारीक, ओम मिश्रा, परमेश्वर पाराशर, सुरेश जोशी, अनिल पारीक एवं जी.एल. गुप्ता आदि के साथ 16108 तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव से जुड़े समस्त कार्यकर्ता परिवार ने भी सहभागिता निभाई। निमंत्रण पत्र लेखन के शुभारंभ के साथ ही महोत्सव की तैयारियों ने गति पकड़ी। आयोजन समिति के संयोजक एसएन गग्गड़ ने बताया कि निमंत्रण पत्र लेखन का कार्य शुभारंभ होने के साथ शीघ्र ही देश एवं राज्य के गणमान्य प्रबुद्धजनों एवं प्रमुख सामाजिक व धार्मिक संगठनों आदि को आयोजन में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महाआयोजन में श्री तुलसीजी के धर्म माता-पिता के रूप में सहभागी बनने के लिए पंजीयन कराने की अंतिम समय सीमा 31 अक्टूबर है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि इस महाआयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को तन मन धन से सहयोग करना है ओर अपने सभी परिजनों, मित्रों एवं समाजजनों को भी इस महाआयोजन से जोड़ने के लिए निरन्तर प्रयास करना है। भीलवाड़ा में पहली बार आए इस एतिहासिक स्वर्णिम अवसर से कोई वंचित नहीं रह जाए इसके लिए धर्म माता-पिता बनने के इच्छुक दंपतियों को शीघ्र पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया जाए। अधिकाधिक जन भागीदारी इस आयोजन में हो इसके लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। संचालन कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य ने किया। उन्होंने बताया कि इस महामहोत्सव के आयोजन 17 नवम्बर से प्रारंभ हो जाएंगे। इस दौरान 17 से 19 नवम्बर तक दोपहर एक से 4 बजे तक आयोजन स्थल मेडिसिटी ग्राउण्ड पर रूक्मिणी मंगल कथा का आयोजन होगा। इस धार्मिक महोत्सव को लेकर आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में दुर्गा शंकर पारीक,अनिल पारीक, श्याम पुरोहित, प्रेम पुरोहित, ओमप्रकाश मूंदड़ा, हरीश जोशी, पुरूषोत्तम काकानी, कमलेश सोडानी, ओम प्रकाश लड्ढा, पंकज सोमानी, शिवप्रसाद शर्मा, भंवरलाल पारीक, कैलाश, हेमराज दर्जी घनश्याम शर्मा, रामचन्द्र त्रिपाठी, भवानी शंकर शर्मा, रामपाल मंत्री, टीना काबरा, रिद्धि तोशनीवाल,मुकेश सेठिया, एमपी पोरवाल आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

माण्डलगढ़ उपकारागृह का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं और कानूनी सहायता की ली जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं एडीजे रश्मि आर्य ने माण्डलगढ़ उपकारागृह का औचक निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध सुविधाओं और जेल की व्यवस्थाओं की पड़ताल की। उन्होंने भोजन, पेयजल, बिजली, चिकित्सा सुविधाओं, सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सहित कारागृह की स्थिति का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान बंदियों की स्थिति तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराई जा रही कानूनी सहायता की जानकारी भी ली गई। एडीजे आर्य ने उपकारापाल नरपत सिंह को भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने तथा चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कारागृह का संचालन सुचारू रूप से करने पर भी जोर दिया।

इस दौरान पीए दीपक, पैनल अधिवक्ता हरीश सनाढ्य व संजय खटीक, तालुका सचिव मुकेश सैनी तथा पीएलवी अतुल मौजूद रहे।

40 सफाई कर्मचारियों को रोजगार देने की मांग, पालिकाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

दो साल से काम मिलने का इंतजार, आर्थिक संकट का हवाला देकर नियुक्ति की लगाई गुहार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

सफाई कार्य से जुड़े हैला समाज के 40 कर्मचारियों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष स्नेहा तिवाड़ी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने समाज की पारंपरिक भूमिका और बेरोजगार परिवारों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए नियुक्ति के संबंध में उचित निर्णय लेने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि समाज के लोग रियासतकाल से ग्राम पंचायत और नगर पालिका के गठन तक कस्बे की सफाई व्यवस्था में योगदान देते रहे हैं। प्रतिनिधियों के अनुसार, पिछले दो वर्षों से समाज के 40 कर्मचारी रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस संबंध में पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों, जिला कलेक्टर और विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल को भी ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है।



समाज के प्रतिनिधियों ने नगर पालिका में हाल ही में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि 15 अक्टूबर को 18 से 22 कर्मचारियों को नियुक्त किए जाने की जानकारी के बीच समाज के आवेदक अब भी रोजगार की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उन्होंने बताया कि सफाई कार्य के लिए नगर पालिका में 50 से अधिक आवेदन भी दिए जा चुके हैं।

प्रतिनिधियों ने कहा कि रोजगार नहीं मिलने से कई परिवार आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। इनमें विधवा महिलाएं, एकल महिलाएं और कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवार भी शामिल हैं।


पूरी दुनिया घूम लो घर जैसी खुशी कहीं नहीं मिलेगी-आचार्य पुलकसागर महाराज

जीवन में कर्म उदय में आने पर क्रोध करने की बजाय वितरागी बने ओर संयम रखे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जीवन में परिवार से कभी कषाय मत करना उनके साथ जिंदगी गुजारनी है। एक बार परिवार के सदस्यों से तीखी कषाय हो गई तो क्षमा मांगने पर भी मन जुड़ने वाला नहीं है। हमारा एक छोटा सा कदम रिश्तों को प्रगाढ़ भी कर सकता ओर बिगाड़ भी सकता है। हम दुनिया में कितना भी घूम ले पर जो खुशी घर में मिलेगी वह कहीं नहीं मिल सकती। खुशी पाने के लिए हमे अपनी जीवनशैली बदलनी पड़ेगी। ये विचार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में बुधवार को अंतिम चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला ''जीवन जीने की कला'' पर मंगल दिव्य देशना के आठवें दिन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जीवन में परिवार के सदस्यों का स्थान दूसरा नहीं ले सकता है ऐसे में उनको उचित स्थान प्रदान करने पर घर स्वर्ग बन जाएगा ओर कषाय बंध भी नहीं होगा। परिवार के सदस्यों के स्थान बदलने से रिश्ते खत्म हो जाते है। जीवन में माता-पिता व गुरू का स्थान दूसरा कोई नहीं ले सकता।

आचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मो के अधीन है ओर मनुष्य जन्म कर्म फल भोगने के लिए नहीं बल्कि सुधारने के लिए मिला है। कर्म भोगने के लिए तो नरक,तिर्यंच व देव गति है, एक मात्र मनुष्य गति है जिसमें कर्म सुधारे या क्षय किए जा सकते है। मनुष्य में कर्म बांधने, भोगने या नाश करने की ताकत है। हमारा अधिकतर समय कर्म बांधने या भोगने में जा रहा है ओर कर्म रोकने के प्रयास नहीं हो रहे है। कर्म रोकने के लिए संयम भाव रखना होगा। उन्होंने कहा कि कर्म उदय में आने पर क्रोध करने की बजाय वितरागी बने। रागी, द्वेषी



बनने पर कर्म का बोझ बढ़ जाएगा। हमने सब सुख भोग लिए तो आपके पुण्य का खजाना खाली हो जाएगा। पुण्य को भोगने की बजाय उसे बचाने का प्रयास करे।

आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि क्रोध, मान, माया व लोभ से सभी को बचना है। आप कषाय को जितना अधिक समय देंगे वह अपनी जकड़ उतनी मजबूत करते जाएंगे। कषायों को जो पकड़े रहेगा वह दुःख पाएगा ओर जो छोड़ देगा वह सुख पाएगा। क्रोध को छह माह का लंबा समय दे दिया तो अनंतानुबंधी बन अनंत जन्मों तक दर्द प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि अपने भीतर कषायों को जमा करने की बजाय डिलीट करते रहे। कषाय जितना लंबा होगा दर्द भी उतना अधिक गहरा होगा।

श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि प्रवचन के शुरू में पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य पुण्यार्जक परिवार ने प्राप्त किया। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री जयकुमार पाटनी ने किया। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 8.45 से 10 बजे तक आचार्यश्री के मुखारबिंद से दिव्य देशना प्राप्त होगी। इस दौरान प्रतिदिन शाम 6.30 से 7.30 बजे तक आनंद यात्रा (प्रश्न मंच) का आयोजन हो रहा है जिसमें भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर लाभ प्राप्त कर रहे है।

विधायक खेल विकास योजना की हॉकी टीमें ऑल इंडिया टूर्नामेंट खेलने पश्चिम बंगाल रवाना

कालिम्पोंग में आयोजित होगी 6-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता, देशभर की 28 टीमें लेंगी भाग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की खेल विकास योजना के अंतर्गत भीलवाड़ा की रोटरेक्ट क्लब की बॉयज टीम और भीलवाड़ा सोशल क्रू की गर्ल्स टीम पश्चिम बंगाल के कालिम्पोंग में आयोजित होने वाली 6-ए-साइड ऑल इंडिया हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज न्यू जलपाईगुड़ी के लिए रवाना हुईं। प्रतियोगिता में देशभर की 16 बॉयज टीमें और 12 गर्ल्स टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

मुख्य कोच अजीत जैन ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की दोनों टीमें उत्साह और आत्मविश्वास



के साथ भाग लेने जा रही हैं। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने, अन्य राज्यों की टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और अपने खेल कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करेगी।

रोटरेक्ट क्लब की टीम में कप्तान रजत गाडरी के साथ शिवम सिंह, प्रिंस मीणा, कृष्णा मीणा, प्रद्युम्न सिंह, आदित्य धाकड़ और मुरली शामिल हैं।

भीलवाड़ा सोशल क्रू की गर्ल्स टीम की कप्तान दिव्यांशी सोलंकी हैं। टीम में गरिमा सिसोदिया, कोमल बिश्नोई, पूर्व चौहान, परी पवार, मोनिका केवट और दिव्या ढोली शामिल हैं।

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी एवं खेल विकास योजना के संयोजक शिक्षाविद विवेक निमावत ने प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर मिलने से उनके खेल कौशल में निखार आता है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि भीलवाड़ा की दोनों टीमें प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन करेंगी।

बेइ सरपंच संतरा देवी मीणा ने संभाला कार्यभार

ग्रामीणों का आभार जताया, बिना भेदभाव विकास कराने का दिया भरोसा

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

बेइ ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच संतरा देवी मीणा ने पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाला। उन्होंने 329 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल मीणा ने कहा कि ग्रामीणों ने जो विश्वास जताया है, उसके लिए वे आभारी हैं। पंचायत में सभी वर्गों को साथ लेकर बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाना प्राथमिकता रहेगी।

संतरा देवी मीणा की जीत के साथ बाबूलाल मीणा के परिवार ने लगातार तीसरी बार सरपंच पद हासिल किया है।



चित्तौड़गढ़ में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, निर्देश जारी

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।

चित्तौड़गढ़ नगर परिषद के सभापति अनिल इनाणी, अधिशाषी अभियंता जितेंद्र मीणा एवं सहायक अभियंता श्री सतीश द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था, सफाई कार्यों की नियमितता एवं सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। साथ ही, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की जांच कर कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर के सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई कार्य करवाया जाए तथा सड़कों, गलियों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कार्मिक की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए।

सफाई कर्मचारियों के अवकाश संबंधी व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी कर्मचारी को सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना आकस्मिक अवकाश , चिकित्सा अवकाश अथवा अन्य किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए। सभी संबंधित अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि अवकाश संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित करें तथा कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।इसके अतिरिक्त, सफाई कार्यों की प्रभावी निगरानी करने, निर्धारित समय पर सफाई व्यवस्था संचालित करने, कचरे का नियमित उठाव सुनिश्चित करने तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना नगर परिषद की प्राथमिकता है ।

QUICK BITES

आतिशबाजी के अस्थाई लाइसेंस के लिए लॉटरी 30 को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

दीपावली पर्व पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए अस्थाई लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के तहत 30 अक्टूबर को लॉटरी निकाली जाएगी। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उपखंड क्षेत्र में आतिशबाजी विक्रय के अस्थाई लाइसेंस के लिए प्राप्त आवेदनों की लॉटरी दोपहर 12:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आवेदकों की मौजूदगी में आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि राजेन्द्र मार्ग विद्यालय खेल मैदान, ग्रामीण हाट बाजार एवं श्रम कल्याण केंद्र स्थलों के लिए प्राप्त आवेदनों की लॉटरी निकाली जाएगी। संबंधित सभी आवेदकों को निर्धारित तिथि एवं समय पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

मजदूर परिवार की बेटी कविता भील का राजस्थान अंडर-15 टीम में चयन

खेड़ेला की तेज गेंदबाज ने मेहनत के दम पर बनाई पहचान, नेशनल कैंप के लिए भी हुआ चयन

भीलवाड़ा फोकस @ बदनोर।



पथरीली जमीन पर अभ्यास और सीमित संसाधनों के बीच क्रिकेट का सपना संजोने वाली खेड़ेला गांव की 14 वर्षीय कविता भील ने अपनी प्रतिभा के दम पर खास पहचान बनाई है। दिहाड़ी मजदूरी और कुआं खोदने के काम से परिवार का गुजारा करने वाले घर से आने वाली कविता का चयन राजस्थान महिला अंडर-15 क्रिकेट टीम में हुआ है। शिक्षा विभागीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन नेशनल कैंप के लिए भी हुआ है।

मिचेल स्टार्क जैसा गेंदबाजी एक्शन

कविता की गेंदबाजी शैली ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क से मिलती-जुलती बताई जा रही है। करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता और सटीक रनअप उनकी खासियत है। गांव की कच्ची पिचों पर अभ्यास कर यहां तक पहुंचीं कविता ने सीमित सुविधाओं के बावजूद लगातार मेहनत जारी रखी।

बदनोर क्रिकेट क्लब में खुशी

कविता की उपलब्धि से बदनोर क्रिकेट क्लब और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनका सफर ग्रामीण क्षेत्रों की उन प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायी है, जो संसाधनों की कमी के बावजूद खेल में आगे बढ़ने का सपना देखती हैं।

नवनिर्वाचित सरपंच ने चारभुजानाथ को चढ़ाया 415 किलो का फूलों का हार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।



दातड़ा ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच रामकन्या बलवीर सेन ने चुनाव में जीत के बाद अपनी मन्नत पूरी करते हुए कोटड़ी श्याम स्थित भगवान चारभुजानाथ को 415 किलो का फूलों का हार अर्पित किया। सरपंच ने चुनाव में 392 मतों से जीत हासिल की थी।

18 घंटे में तैयार हुआ हार

रामकन्या सेन ने चुनाव के दौरान जीत मिलने पर भगवान को विशाल फूलों का हार चढ़ाने का संकल्प लिया था। इसके लिए गोविंदपुरा गांव के एक दर्जन से अधिक कारीगरों ने करीब 18 घंटे की मेहनत से हार तैयार किया। इसके बाद उन्होंने कोटड़ी श्याम पहुंचकर भगवान के चरणों में हार अर्पित किया।

सेन समाज के युवाओं ने किया स्वागत

कोटड़ी पहुंचने पर सरपंच का जगह-जगह स्वागत किया गया। सेन समाज के युवाओं ने साफा पहनाकर और माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान समाज के युवाओं में उत्साह नजर आया।

दीपावली पूर्व मेंटेनेंस के चलते आज चार घंटे बिजली बंद

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

दीपावली से पहले विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते गुरुवार को जहाजपुर ग्रामीण क्षेत्र में सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

सहायक अभियंता (ग्रामीण) धर्मसिंह बैरवा ने बताया कि 33 केवी जहाजपुर ग्रामीण लाइन का आवश्यक रखरखाव किया जाएगा। इसके चलते 33/11 केवी जीएसएस खजूरी, शक्करगढ़, पीपलूंद, धोड़, गुड़ा और पंडेर-टीठोड़ी से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य पहले ही पूरे कर लें।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/40890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।